DAILY NEWS BULLETIN

LEADING HEALTH, POPULATION AND FAMILY WELFARE STORIES OF THE DAY

Thursday 20211007

कोरोना

देश में पिछले 24 घंटों में आए कोरोना के 22 हजार नए मामले, 318 लोगों की मौत (Dainik Jagran: 20211007)

https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-india-update-22-thousand-new-covid19-cases-reported-in-the-country-in-the-last-24-hours-318-deaths-22090697.html?itm_source=website&itm_medium=homepage&itm_campaign=p1_component

देश में कोरोना के नए मामले सामने आए हैं। पिछले 24 घंटे में देशभर में मिले 22 हजार नए केस। 24 हजार कोरोना मरीज रिकवर हुए। 318 लोगों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत। देश में कोरोना की दूसरी लहर में कमी।

नई दिल्ली, एएनआइ। देश में कोरोना महामारी का कहर कम होता नजर आ रहा है। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 22 हजार नए मामले सामने हैं। इस दौरान 300 से ज्यादा की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 22 हजार 431 मामले सामने आए हैं। वहीं, 24 हजार 602 मरीज कोरोना संक्रमण से रिकवर हुए हैं। इस दौरान 318 लोगों की मौत हुई है। देश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर का कहर अब धीरे-धीरे खत्म होता नजर जा रहा है। देश में कोरोना के एक्टिव केस में कमी दर्ज की जा रही है तो देशभर में नए केस भी 20 हजार से 30 हजार के बीच ही आ रहे हैं। इसके साथ ही रिकवरी रेट में भी सुधार हो रहा है। हर दिन मौतों का आंकड़ा 500 से नीचे दर्ज किया जा रहा है।

देशभर में अब तक कोरोना से कुल 3 करोड़ 38 लाख 93 हजार तीन लोग संक्रमित हो चुके हैं। जिनमें से 3 करोड़ 31 लाख 92 हजार 683 मरीज कोरोना के रिकवर हो चुके हैं। 4 लाख 49 हजार 883 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल देश के अलग-अलग अस्पतालों में 2 लाख 37 हजार 364 मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

देश में कोरोना की स्थिति:

24 घंटे में नए कोरोना मरीज - 22,431

24 घंटे में कोरोना से रिकवर हुए मरीज - 24,602

24 घंटे में कोरोना से हुई मौतें - 318

देश में अब तक कोरोना से हुई मौतें - 4,49,856

देश में अब तक कोरोना से ठीक हुए लोग - 3,32,00,258

देश में अब तक कोरोना से संक्रमित हुए लोग - 3,38,93,003

केरल बना चिंता का कारण, 24 घंटों में 12 हजार नए केस

देश में भले ही कोरोना के नए मामलों की संख्या काफी कम हो गई हो लेकिन दक्षिण भारत का राज्य केरल अभी भी चिंता का कारण बना हुआ है। केरल में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 12,616 नए मामले सामने आए तथा महामारी से 134 और मरीजों की मौत हो गई।

Covid-19 side effect may include redness, inflammation of hands, feet: Study (Hindustan Times: 20211007)

https://www.hindustantimes.com/lifestyle/health/covid19-side-effect-may-include-redness-inflammation-of-hands-feet-study-101633540929083.html

Redness and inflammation in the hands and feet, referred to as Covid toe condition, may be one of the side effects of Covid-19, a new study published in the 'British Journal of Dermatology' has noted.

Redness and inflammation in the hands and feet, referred to as Covid toe condition, may be one of the side effects of Covid-19, a new study published in the 'British Journal of Dermatology' has noted.

Scientists studying the skin condition believe it could be the human immune system's response to the virus which causes Covid-19 and usually develops within one to four weeks of being infected. It can result in fingers and toes becoming swollen or changing colour and also causes some chilblain-type lesions.

"The epidemiology and clinical features of chilblain-like lesions have been extensively studied and published, however, little is known about the pathophysiology involved," said Dr Charles Cassius, the senior author of the study published this week.

"Our study provides new insights," he said.

Mostly this particular side effect disappears after a few days but in some cases, the condition can last for a few months. Researchers behind the study, based on blood and skin tests, looked at 50 participants with so-called "Covid toes" and 13 with similar chilblain-lesions that arose before the pandemic.

They discovered two parts of the immune system may be responsible for why the symptoms appear as the body fights off the coronavirus. One is an antiviral protein, called Type 1 interferon, and the other is an antibody that mistakenly targets and reacts with a person's own cells and tissues, as well as the invading virus.

Cells lining blood vessels that supply the affected area also appear to play a critical role in the development of Covid toes and chilblains.

Dr Veronique Bataille, a consultant dermatologist and spokesperson for the British Skin Foundation, told the BBC that Covid toe was seen very frequently during the early phase of the pandemic. However, it has been less common in the current Delta variant wave, which might be down to more people being vaccinated or having some protection against Covid from past infections.

चेस्ट पेन और हार्ट अटैक के दर्द

सामान्य चेस्ट पेन और हार्ट अटैक के दर्द में जानें फर्क, अलर्टनेस बचा सकती है जान (Hindustan: 20211007)

https://www.livehindustan.com/lifestyle/story-know-difference-between-heart-attack-pain-and-noncardiac-chest-pain-4760852.html

बिजी लाइफस्टाइल और खराब खान-पान के चलते हार्ट के मरीजों की संख्या पूरे विश्व में लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सतर्कता बेहद जरूरी है। बीते कुछ दिनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक से मौत की खबरें आईं। कई बार लोग समझ ही नहीं पाते कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ है और जब पता चलता है तब तक बहुत देर हो जाती है। इस कन्फ्यूजन से बचने के लिए यहां सामान्य सीने के दर्द और हार्ट अटैक के दर्द में कुछ फर्क बताए जा रहे हैं। इन्हें समझकर आप समय रहते सही कदम उठा सकते हैं।

अलर्टनेस बचा सकती है जान

हार्ट अटैक होने पर सही वक्त पर इलाज मिले तो मरीज की जान बच सकती है। अब सवाल यह है कि कैसे पता चला कि सीने में होने वाला दर्द हार्ट अटैक ही है। हिंदुस्तान से बातचीत में दिल्ली के कंसल्टेंट फिजिशियन इंटेंसिविस्ट, डॉ अमरेंद्र झा में हार्ट अटैक और सामान्य सीने के दर्द में फर्क बताया।

ऐसे पहचानें दर्द में फर्क

डॉक्टर झा ने छह पॉइंट्स में फर्क बताया। उन्होंने कहा, अपने हाथ के दोनों पंजों की उंगलियों को आपस में फंसाकर सीने के बीच में रखें। अगर दर्द इतनी जगह घेरता है तो यह हार्ट अटैक का दर्द हो सकता है। इस दर्द में ऐसा लगेगा कि आपकी छाती को कोई फाड़ रहा है, भारीपन लग सकता है या ऐसा लगेगा कि आपके सीने पर कोई भारी चीज रख दी गई है। वहीं सामान्य दर्द में आप एक उंगली से भी इंडिकेट कर सकते हैं कि इस जगह दर्द हो रहा है। वह छाती में बड़े एरिया में फैला दर्द नहीं होता।

सीने से गर्दन तक बढ़ सकता है दर्द

हार्ट अटैक का दर्द एक जगह से दूसरी ओर बढ़ता है। सीने के बीच से आपके जबड़ों, गर्दन और लेफ्ट साइड में हाथ में फैलता महसूस होता है। सामान्य दर्द जबड़े या गर्दन की तरफ नहीं बढ़ता है। हार्ट अटैक वाला दर्द वजन उठाने या कुछ काम करने से बढ़ जाता है जबकि सामान्य दर्द वजन उठाने या

कुछ काम करने से बढ़ता नहीं है। इसके अलावा कार्डिएक चेस्ट पेन ज्यादा देर के लिए होता है। अगर आपको या आपके किसी करीबी को इस तरह के लक्षण दिखते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। अगर हॉस्पिटल दूर है तो किसी डॉक्टर से फोन पर सलाह लेकर Tablet ecospirin 300mg stat या डिस्प्रिन की गोली चबाकर या पानी में घोलकर खा लें।

रोबोटिक तकनीक

नई रोबोटिक तकनीक से रीढ़ की सफल सर्जरी (Hindustan: 20211007)

https://epaper.livehindustan.com/

● सर्जरी के दौरान खून की क्षति कम होती है

● मरीज को दर्द कम होता है

● मरीज तेजी से सर्जरी के बाद उबरने में सक्षम होता है

रीढ़ की हड्डी जैसे संवेदनशील अंगों की सटीक सर्जरी करने के लिए देश में नई रोबोटिक तकनीक ओ आर्म एक्स स्टील्थ पेश की गई है। डॉक्टरों के मुताबिक, इस तकनीक से सर्जरी के दौरान गलती का खतरा अन्य रोबोटिक तकनीक के मुकाबले बेहद कम होता है। इंडियन स्पाइनल इंजुरी सेंटर ने बुधवार को पहली बार इस तकनीक से दो किशोरियों की रीढ़ की सफल सर्जरी की है। इनमें एक मरीन स्कोलियोसिस और दूसरी स्पाइनल टीबी बीमारी से पीड़ित थी।

13 वर्षीय स्वाति को शुरुआत में स्कोलियोसिस का पता चला था, जिससे रीढ़ की हड्डी में आई विकृति की वजह से वह 85 डिग्री पर झुक गई थी। वहीं, 16 वर्षीय मन्नतप्रीत 2018 से स्पाइनल टीबी से पीड़ित थी। अंगों में कमजोरी के कारण टीबी के इलाज के बाद चलने में कठिनाई हो रही थी। अस्पताल के निदेशक डॉक्टर एच एस छाबड़ा का कहना है कि इस नई रोबोटिक ओ आर्म तकनीक के साथ न सिर्फ सर्जरी सटीक होती है, बल्कि पैरालाइसिस का खतरा कम होने के साथ मरीज को रेडियेशन के संपर्क में आने की जरूरत भी नहीं होती है।

अस्पताल के निदेशक डॉ. छाबड़ा ने कहा कि एक गलत या अतिरिक्त कट मरीज को जीवन भर के लिए प्रभावित कर सकता है। इस तकनीक में एक रोबोटिक भुजा के जरिए डॉक्टर दूर से ही सर्जरी करते हैं और मरीज के शरीर में सर्जरी के दौरान स्क्रू कहां लग रहा है और किधर कट लग रहा है, वह रियल टाइम में देख सकते हैं।

कैंसर

कोरोना महामारी के दौरान लगे लाकडाउन के कारण हर सातवें कैंसर मरीज की सर्जरी में देरी (Dainik Jagran: 20211007)

https://www.jagran.com/world/united-kingdom-surgery-of-every-seventh-cancer-patient-delayed-due-to-corona-epidemic-jagran-special-22090823.html

लाकडाउन के दौरान ऐसी जगहों पर भी लोगों को सर्जरी में परेशानी का सामना करना पड़ा।

अध्ययन में पाया गया कि जिन देशों में कोरोना महामारी के पहले से ही अस्पतालों की क्षमता कम थी वहां लाकडाउन ने ज्यादा मुश्किल परिस्थितियां पैदा कीं। ऐसे देशों में ज्यादा मरीजों की सर्जरी को रद करना पड़ा।

लंदन, प्रेट्र। कोरोना महामारी के दौरान लगे लाकडाउन के कारण कैंसर के हर सातवें मरीज की सर्जरी में देरी हुई। भारत समेत 61 देशों में किए गए अध्ययन से यह बात सामने आई है। द लैंसेट ओंकोलाजी जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि लाकडाउन के दौरान कई मामलों में कैंसर के मरीजों की पहले से तय सर्जरी भी नहीं हो पाई। कम आय वाले देशों में यह संकट सबसे ज्यादा देखा गया। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी आफ बर्मिंघम के शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन को अंजाम दिया है।

कई लोगों ने असमय गंवाई जान : अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान लाकडाउन की वजह से सर्जरी में देरी कुछ कैंसर मरीजों के लिए जानलेवा साबित हुई। इन मरीजों को समय पर इलाज मिलता तो शायद उनकी जान बचाना संभव होता। पूर्ण लाकडाउन के समय छह हफ्ते से ज्यादा समय से सर्जरी का इंतजार कर रहे बहुत से मरीजों को अपनी पहले से तय सर्जरी रद करानी

पड़ी। निम्न एवं मध्यम आय वर्ग वाले देशों में कैंसर के एडवांस्ड स्टेज वाले भी बहुत से मरीज सर्जरी नहीं करा पाए, जबकि उन्हें तत्काल जरूरत थी। यह भी देखा गया कि पूर्ण लाकडाउन के दौरान ऐसी जगहों पर भी लोगों को सर्जरी में परेशानी का सामना करना पड़ा, जहां संक्रमण के मामले अपेक्षाकृत कम थे।

उम्रभर के लिए बढ़ गया खतरा : कोरोना के कारण देर से सर्जरी कराने वाले मरीजों में भविष्य में दोबारा कैंसर होने का खतरा बढ़ा हुआ पाया गया। इस खतरे से बचने के लिए जरूरी है कि मरीज कुछ-कुछ समय के अंतराल पर नियमित रूप से जांच कराते रहें। डाक्टरों को यह प्रयास करना होगा कि सामान्य परिस्थिति से इतर, इस तरह के मरीजों को कम समय के अंतराल पर नियमित जांच के लिए बुलाएं।

गरीब देशों में हुई ज्यादा परेशानी : अध्ययन में पाया गया कि सर्जरी से वंचित रह जाने वाले इन मरीजों में हर आयु के लोग शामिल रहे। इनमें ऐसे मरीज भी थे, जिन्हें कैंसर के साथ कोई अन्य परेशानी नहीं थी और उन्हें समय पर इलाज देकर भविष्य में कई गंभीर खतरों से बचाना संभव हो सकता था।

भविष्य के लिए मिली जरूरी सीख : शोधकर्ताओं का कहना है कि वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लाकडाउन जैसा कदम बहुत जरूरी था, लेकिन इसके कुछ दुष्प्रभावों को देखते हुए भविष्य के लिए जरूरी सीख मिली है। सरकारों को ध्यान देना होगा कि बात चाहे कोरोना की हो या ऐसे ही किसी अन्य संक्रमण की, लाकडाउन के समय भी यह सुनिश्चित करना होगा कि कुछ गंभीर मामलों में मरीजों को पर्याप्त इलाज मिलता रहे। अध्ययन के नतीजे सरकारों को भविष्य में ऐसी किसी परिस्थिति में निर्णय लेने में मदद करेंगे।

Nearly 6,000 more may get cancer by 2025 (The Hindu: 20211007)

https://www.thehindu.com/news/national/telangana/nearly-6000-more-may-get-cancer-by-2025/article36867967.ece?homepage=true

Data taken from 'Profile of Cancer and Related Factors' released by NCDIR of ICMR in September

Around 6,000 more people in Telangana may be diagnosed with cancer in 2025 compared to figures in 2020. While 47,620 people were projected to have cancer in 2020, the incidence in 2025 is estimated to be 53,565, which means 12.48% (5,945) more might get cancer in the five-year period.

This has alarmed oncologists from the State, who have appealed to people to take measures to prevent the disease, loss of lives, and financial and emotional distress associated with it.

The projections are from the 'Profile of Cancer and Related Factors-Telangana' released by the National Centre for Disease Informatics and Research (NCDIR) of the Indian Council of Medical Research (ICMR) in the fourth week of September.

Fact sheet

Apart from the projected increase in cancer cases, it has details on the leading sites of cancer in men and women, cumulative risk of developing cancer of any site in 0-74 years of age group in both the genders, proportion of cancer sites associated with tobacco usage, and other aspects.

The cumulative risk, leading sites of cancer and proportion of cancers in sites associated with tobacco use are based on data from 2014-16 and calculated for the Population Based Cancer Registry (PBCR) areas.

PBCR is located at the Nizam's Institute of Medical Sciences. Principal investigator at PBCR Dr. G. Sadashivudu said that the data is taken from all cancer institutes and labs in Hyderabad, which conduct diagnostic tests for the disease.

And data for Hospital Based Cancer Registry is drawn from NIMS, Indo-American Cancer Hospital & Research Institute, MNJ Institute of Oncology and Regional Cancer Centre.

Main sites

An important observation from the fact sheet is that the leading site for cancer among women is breast (35.5%), followed by cervix uteri (8.7%), and ovary (6.9%). In case of men, the leading site of cancer is mouth (13.3%), followed by lungs (10.9%), and tongue (7.9%).

Risk factors

One needs to be aware of the factors associated with risk of developing cancer to know what should be avoided, and aspects of life that need to be changed. The fact sheet states that behavioural and environmental risk factors are tobacco and alcohol use, unhealthy diet, physical inactivity, obesity, infections, and air pollution.

Dr. Sadashivudu, who is also the Head of the oncology department at NIMS, said that since 42.2% of cancer risk in men, and 13.5% of risk in women is associated with tobacco use, avoiding tobacco might help in preventing cancer.

"Diagnosing cancers in early stages helps in better outcomes and cure. So, early screening is important. People can stop cancer by exercising, opting healthy food, avoiding alcohol and tobacco," he suggested.

मलेरिया वैक्सीन

दुनिया को 60 साल बाद मिली पहली मलेरिया वैक्सीन, भारत के लिए जगी उम्मीद (Navbharat Times: 20211007)

https://navbharattimes.indiatimes.com/world/science-news/all-you-need-to-know-about-worlds-first-malaria-vaccine-mosquirix-approved-by-who-how-it-works/articleshow/86831403.cms

हर साल मलेरिया से लाखों लोगों को जान चली जाती है। अफ्रीकी देशों में बच्चे इसका सबसे बड़ा शिकार बनते हैं। दशकों से चल रही रिसर्च के बाद आखिरकार WHO ने पहली मलेरिया वैक्सीन के इस्तेमाल पर मुहर लगा दी है।

कोरोना वायरस की त्रासदी के पहले से दुनियाभर में हर साल चार लाख लोगों की जान ले रहा था मलेरिया। इसे रोकने के लिए वैक्सीन बनाना दशकों से एक बड़ी चुनौती था। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया की पहली मलेरिया वैक्सीन के इस्तेमाल पर मुहर लगा दी है। WHO चीफ टेड्रोस ऐडनम ने इस घातक बीमारी से चल रही जंग में एक ऐतिहासिक दिन करार दिया है। इस वैक्सीन का इस्तेमाल अफ्रीकी देशों में उन बच्चों पर किया जाएगा जिन्हें इस बीमारी का ज्यादा खतरा है। मलेरिया का तोड़ निकालने की कोशिश करीब 80 साल से चल रही है और करीब 60 साल से आधुनिक वैक्सीन डिवेलपमेंट पर रिसर्च जारी है। आखिर क्या वजह रही जो इतने लंबे समय से इस बीमारी की वैक्सीन

बनाना इतना मुश्किल रहा और इस नई वैक्सीन ने यह कैसे कर दिखाया? (AP Photo/Karel Prinsloo; REUTERS/Jim Young)

कैसे फैलता है मलेरिया?

मलेरिया Plasmodium falciparum पैरासाइट से फैलता है। यह Anopheles मच्छर के काटने से इंसानों में दाखिल होता है। इस पैरासाइट का जीवनचक्र इतना जटिल होता है कि इसे रोकने के लिए वैक्सीन बनाना इतने लंबे वक्त से लगभग नामुमकिन सा हो गया था। इसका जीवनचक्र तब शुरू होता है जब मादा मच्छर इंसान को काटती है और खून में Plasmodium के स्पोरोजॉइट (sporozoite cells) को रिलीज कर देती है। ये स्पोरोजॉइट इंसानी लिवर में बढ़ते जाते हैं और मीरोजॉइट (merozoite) बन जाते हैं। धीरे-धीरे ये लाल रक्त कोशिकाओं (red blood cells) को शिकार बनाते हैं और इनकी संख्या बढ़ती रहती है।

इसकी वजह से बुखार, सिरदर्द, सर्दी, मांसपेशियों में दर्द और कई बार अनीमिया (anemia) भी हो जाता है। ये पैरासाइट के प्रजनन के लिए जरूरी गमीटोसाइट (gametocyte) भी खून में रिलीज करते हैं। जब दूसरा मच्छर शख्स को काटता है तो खून के साथ ये गमीटोसाइट उसके शरीर में चले जाते हैं। चुनौती की बात यह है को जीवन के हर चरण पर पैरासाइट की सतह पर लगा प्रोटीन (malarial parasite surface protein) बदलता रहता है। इस वजह से यह शरीर के इम्यून सिस्टम से बचता रहता है। वैक्सीन आमतौर पर इस प्रोटीन को टार्गेट करके ही बनाई जाती हैं और इसलिए अभी तक इसमें सफलता नहीं मिल सकी थी। (तस्वीर: James Gathany/CDC via AP)

यह वैक्सीन क्यों खास?

Mosquirix यहीं पर कारगर साबित होती है। यह पैरासाइट की स्पोरोजॉइट स्टेज पर ही हमला करता है। वैक्सीन में वही प्रोटीन लगाया गया है जो पैरासाइट में उस स्टेज पर लगा होता है। इम्यून सिस्टम इस प्रोटीन को पहचानता है और शरीर में प्रतिरोधक क्षमता पैदा करता है। Mosquirix को 1980 के दशक में बेल्जियम में SmithKline-RIT की टीम ने बनाया था जो अब GlaxoSmithKline (GSK) का हिस्सा है।

हालांकि, इस वैक्सीन को भी लंबे वक्त तक सफलता नहीं मिल सकी। साल 2004 में 'The Lancet' में छपी स्टडी में बताया गया कि इसके सबसे पहले बड़े ट्रायल को 1-4 साल के 2000 बच्चों में मोजांबीक में जब किया गया तो वैक्सिनेशन के 6 महीने बाद इन्फेक्शन 57% कम हो गया था। (फाइल फोटो: AP Photo/Jerome Delay)

आसानी से नहीं मिली सफलता

इसके बाद धीरे-धीरे डेटा निराशाजनक होने लगा। साल 2009-2011 के बीच 7 अफ्रीकी देशों में ट्रायल किया गया तो 6-12 हफ्ते के बच्चों में पहली खुराक के बाद कोई सुरक्षा नहीं देखी गई। हालांकि, पहली खुराक 17-25 महीने की उम्र पर देने से इसमें 40% इन्फेक्शन और 30% गंभीर इन्फेक्शन कम पाए गए।

रिसर्च जारी रही और साल 2019 में WHO ने घाना, केन्या और मालावी में एक पायलट प्रोग्राम शुरू किया जिसमें 8 लाख से ज्यादा बच्चों को वैक्सीन दी गई। इसके नतीजों के आधार पर WHO ने वैक्सीन के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। 23 लाख से ज्यादा खुराकें देने के बाद घातक मामलों में 30% की गिरावट देखी गई है। स्टडी में वैक्सीन का बच्चों के दूसरे वैक्सिनेशन या बीमारियों पर नकारात्मक असर नहीं पड़ा है। (फाइल फोटो: AP Photo/Jerome Delay)

ऐतिहासिक दिन...

मैंने अपने करियर की शुरुआत मलेरिया रिसर्चर के तौर पर की थी और मैं इस दिन का इंतजार कर रहा था जब हमारे पास इस प्राचीन और भयानक बीमारी के लिए असरदार वैक्सीन होगी। वह दिन आज है और ऐतिहासिक है...

WHO के डेटा के मुताबिक साल 2017 में मलेरिया के 92% मामले अफ्रीका के सब-सहारा इलाके में पाए गए और बाकी दक्षिणपूर्व एशिया और पूर्वी भूमध्य सागर के इलाकों में। आधे मामले नाइजीरिया, कॉन्गो, मोजांबिक, भारत और युगांडा में पाए गए। दुनियाभर में साल 2017 में मलेरिया से 4.35 लाख मौतें हुईं जो पहले के मुकाबले कम थीं। अभी इस वैक्सीन को सिर्फ अफ्रीकी देशों के लिए मंजूरी मिली है और अब दुनियाभर में इसे रोलआउट करने पर प्लान बनाया जाएगा। WHO चीफ का कहना है कि वैक्सीन एक शक्तिशाली हथियार है लेकिन कोविड-19 की तरह ही सिर्फ वैक्सीन पर भरोसा नहीं करना होगा। अभी भी मच्छरदानियों और बुखार का ध्यान रखना जरूरी है। (Reuters, Navesh Chitrakar)

‘Historic day’: WHO go-ahead for broad use of first-ever malaria vaccine for children in Africa (Hindustan Times: 20211007)

https://epaper.hindustantimes.com/Home/ArticleView

GENEVA : The first vaccine for malaria, the mosquito-borne disease that kills about 400,000 people each year, is set to be deployed more widely after more than three decades of work and about $1 billion in investment.

The vaccine developed by GlaxoSmithKline Plc and its partners won a recommendation from the World Health Organization (WHO) on Wednesday for use in children in sub-Saharan Africa and other regions with moderate to high transmission. It marks a turning point in a battle against the parasite that causes malaria.

The shot prevented only about four in 10 malaria cases among children who received four doses in a large study, but the injection, along with other measures, could still save hundreds of thousands of lives. Now the focus will shift to getting it to more people following a pilot program in Africa that began in 2019.

Following a meeting of the United Nations health agency’s vaccine advisory group, WHO director-general Tedros Adhanom Ghebreyesus spoke of “a historic moment”.

“Today’s recommendation offers a glimmer of hope for the continent, which shoulders the heaviest burden of the disease and we expect many more African children to be protected from malaria and grow into healthy adults,” Matshidiso Moeti, WHO regional director for Africa, said in a statement.

The WHO said its decision was based on results from ongoing research in Ghana, Kenya and Malawi that has tracked more than 800,000 children since 2019.

Many vaccines exists against viruses and bacteria but this was the first time that the WHO recommended for broad use a vaccine against a human parasite.

GSK, which has developed the shot with non-profit organisation PATH, committed to donating as many as 10 million doses for the ongoing pilot, and to supply as many as 15 million doses annually. Agencies

वायु प्रदूषण

जहरीली हवा में सांस लेने से फेफड़े हो रहे हैं खराब, डाइट में ये 3 Vitamin खाकर करें बचाव (Navbharat Times: 20211007)

https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/3-vitamins-that-can-protects-the-lungs-from-damage-from-air-pollution/articleshow/86831076.cms?story=5

बढ़ते प्रदूषण और संक्रमण को देखते हुए अपने फेफड़ों को स्वस्थ रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए अपने आहार में कुछ विटामिन्स को शामिल करना बेहद जरूरी है।

कोरोनावायरस के साथ वायु प्रदूषण भी लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। हमारे श्वसन तंत्र में प्रवेश करने वाले छोटे -छोटे धूल के कण जलन और फेफड़ों से संबंधित कई समस्याएं पैदा कर सकते हैं। जिससे सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए आप दवा तो लेते ही होंगे, लेकिन कुछ विटामिन्स भी हैं, जिनमें फेफड़ों को स्वस्थ्य बनाने की अच्छी खासी क्षमता है।

इतना ही नहीं सेल डैमेज को रोकने के लिए भी इन्हें लेना बहुत फायदेमंद है। अपने आहार में इन विटामिन्स का सेवन बढ़ा लिया , तो सांस फूलना और जलन जैसी समस्या से राहत पाई जा सकती है। तो चलिए आज के इस आर्टिकल में हम आपको 3 ऐसे विटामिन्स बता रहे हैं, जिन्हें फेफड़ों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आपको जरूर लेना चाहिए।

विटामिन-ए का सेवन शुरू करें-

प्रदूषित धुएं और संक्रमण की वजह से फेफड़े कमजोर होने लगे हैं। इनकी क्षमता को बरकरार रखने के लिए जितना हो सके विटामिन - ए का सेवन करें। वसा में घुलनशील पोषक तत्व फेफड़ों के स्वास्थ्य के लिए दूसरा सबसे जरूरी महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। यह न केवल आपकी प्रतिरक्षा बढ़ाएगा बल्कि कुछ मात्रा में इसके सेवन से फेफड़ों के ऊतकों को रिपेयर करने में भी मदद मिलेगी।

अधिक मात्रा में विटामिन -ए लेने की जरूरत नहीं-

अच्छी बात ये है कि आपको बहुत ज्यादा मात्रा में विटामिन- ए लेने की जरूरत नहीं होती। वसा में घुल जाने के कारण यह पोषक तत्व शरीर में लंबे समय तक सुरक्षित रहता है और शरीर को कम मात्रा में ही इसकी जरूरत होती है। डेयरी उत्पाद , मछली, खरबूजा, ब्रोकोली, गाजर आपके शरीर में विटामिन ए

की कमी को पूरा करने के लिए काफी हैं। पर ध्यान रखें, लंबे समय तक इसका सेवन करने से आप भविष्य में लीवर और हड्डियों की समस्या का अनुभव कर सकते हैं।

आहार में विटामिन - सी शामिल करें

विटामिन - सी कई स्वास्थ्य समस्याओं के लिए बहुत फायदेमंद है। आपके फेफड़ों को क्रॉनिक डिजीज से बचाना उनमें से एक है। एक दिन में इस विटामिन का पर्याप्त सेवन करने से यह प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के साथ त्वचा में कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देता है। दरअसल, धुम्रपान करने और प्रदूषण के कारण फेफड़ों में फ्री रेडिकल्स और विषाक्त पदार्थों की मौजूदगी शरीर में सूजन पैदा करती है। ऐसे में विटामिन- सी , जो ज्यादातर खट्टे फलों में पाया जाता है, मुक्त कणों और विषाक्तत पदार्थों से लडऩे के अलावा हानिकारक अणुओं से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद है। इतना ही नहीं विटामिन- सी लंग्स टिशू डैमेज रेट को कम करता है, जिससे स्वास्थ्य बहुत जल्दी ठीक हो जाता है।

विटामिन- सी से होता है फेफड़ों की क्षमता में सुधार-

एलर्जी, अस्थमा और क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी जर्नल में प्रकाशित 2014 के एक अध्ययन के अनुसार, विटामिन सी फेफड़ों के काम करने की क्षमता में सुधार करता है। बता दें, कि इस पोषक तत्व के फायदे खासतौर से इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण हैं। शरीर में इसकी कमी को पूरा करने के लिए खट्टा फल, अमरूद, कीवी, ब्रोकोली, केल और जामुन खाना चाहिए।

संक्रमण से बचाएगा विटामिन डी का सेवन

आप शायद नहीं जानते होंगे, लेकिन दांत और हड्डियों को मजबूत बनाने के साथ विटामिन डी श्वसन संक्रमण से भी बचाता है। अगर किसी को क्रॉनिक ऑब्स्ट्रेक्टिव पल्मोनरी डिसीज है, तो विटामिन डी इसका बेहतरीन इलाज है। एक रिसर्च के अनुसार, शरीर में विटामिन डी की कमी से घरघराहट, ब्रोंकाइटिस, अस्थमा और अन्य श्वसन समस्याओं का जोखिम बढ़ता है।

ऐसे में इस पोषक तत्व को अपने आहार में शामिल करने से फेफड़ों के कामकाज में सुधार हो सकता है। वैसे तो कई लोग विटामिन डी की गोलियां लेते हैं, लेकिन सूर्य के प्रकाश से आपको अच्छी मात्रा में विटामिन डी प्राकृतिक तौर पर मिल जाता है। अगर ऐसा करना संभव नहीं है, तो कुछ खाद्य पदार्थ जैसे ट्यूना, सैल्मन और अंडे की जर्दी विटामिन डी की आपूर्ति करने के लिए बढिय़ा विकल्प हैं।

विटामिन-D की कमी से मर्दों को हो सकती है इनफर्टिलिटी की समस्या, किसी भी कीमत पर न करें नजरअंदाज

प्रदूषित हो रहे वातावरण और कोरोना के माहौल में फेफड़ों की देखरेख बहुत ज्यादा जरूरी है। ऊपर बताए गए विटामिन का प्राकृतिक रूप से सेवन करें। बहुत फायदा होगा।

An Expert Explains: WHO's stark message on air quality — and what India must do (The Indian Express: 20211007)

https://indianexpress.com/article/explained/explained-whos-stark-message-on-air-quality-and-what-india-must-do-7556737/

India has 37 of the world's 50 most polluted cities, despite its air quality standards being more lax.

In updating its already strict air quality guidelines (AQGs), the WHO last month sent out a stark message: that the impact of poor air quality on public health is at least twice as bad as previously estimated. India has 37 of the world's 50 most polluted cities, despite its air quality standards being more lax. For instance, its standards for PM2.5 and PM10 are 60 and 100 µg/m3 respectively (over 24 hours), while the WHO's new standards are 15 and 45 µg/m3 (over 24 hours).

Not surprisingly, India's air pollution-influenced mortality rates are among the worst. The Global Burden of Disease estimates that India lost 1.67 million lives in 2019 directly as a result of breathing polluted air, or because of pre-existing conditions exacerbated by air pollution. Uttar Pradesh had the biggest share at 3.4 lakh, Maharashtra had 1.3 lakh, and Rajasthan 1.1 lakh.

The average life expectancy in Delhi is 6.4 years lower than the national average of 69.4, and the number is starting to fall for even coastal cities like Mumbai and Chennai. Globally, it is estimated that exposure to PM2.5 kills 3.3 million people every year, most of them in Asia.

India's predicament

The problem is, our economic growth is built on fossil fuels. Coal, oil, and natural gas account for roughly 75% of our power generation and >97% of road transport, but they come at the cost of heavy CO, SO2, NO2, ozone, and particulate matter emissions. And herein lies the predicament: India prides itself on being the fastest growing large economy, and changing the way we generate power and clamping down on petrol and diesel vehicles is seen as throttling economic progress.

Yet at the same time, the ever-growing need for energy and personal vehicles is worsening the public health crisis. There is now almost a sense among people that toxic air is just a part of life in the city.

The killer threat

